**Test Number: 4**
**Test Code: 57141**

**Program: SPS (UPPSC / Mains) - 2022**
**GS Paper : 4**

# General Studies : Paper – 4

## सामान्य अध्ययन : प्रश्न पत्र–4

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 200**

**निर्धारित समय : तीन घंटे]** **[अधिकतम अंक : 200**

**Note:** (1) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125** each and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200** each. The questions are printed both in Hindi and in English.

(2) **All** questions are **compulsory.**

(3) The number of marks carried by a **question/part** is indicated against it.

(4) Keep the word limit indicated in the question in mind.

(5) **Any** page of portion of the page left blank in the answer booklet must be **clearly struck off.**

**नोट :** (1) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं। **खण्ड–अ** से **10** प्रश्न लघु उतरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा **125** तथा **खण्ड–ब** से **10** प्रश्न दीर्घउत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा **200** निर्धारित हैं। जो **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

(2) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(3) **प्रत्येक** प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(4) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को **ध्यान** में रखें।

(5) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः **काट** दें।

## SHORT ANSWER QUESTIONS
## लघु उत्तरीय प्रश्न

### Section–A / खण्ड–अ

**Q.1)** What do you mean by values? Describe the role of the family in value inculcation.
मूल्यों से आप क्या समझते हैं? मूल्य निर्माण में परिवार की भूमिका का वर्णन कीजिए। **(8 Marks)**

**Q.2)** Integrity and knowledge, both are necessary to excel in any field. Elaborate.
किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सत्यनिष्ठा और ज्ञान दोनों आवश्यक हैं। स्पष्ट करें। **(8 Marks)**

**Q.3)** Discuss the role of law and ethics in establishing a peaceful and civilized society.
शांतिपूर्ण और सभ्य समाज की स्थापना में कानून और नैतिकता की भूमिका की चर्चा कीजिए। **(8 Marks)**

**Q.4)** Evaluate the relevance of the following values in the context of civil services:
(i) Empathy
(ii) Perseverance
(iii) Objectivity
(iv) Transparency

सिविल सेवाओं के संदर्भ में निम्नलिखित मूल्यों की प्रासंगिकता का मूल्यांकन करें :
(i) समानुभूति
(ii) अध्यवसायी
(iii) वस्तुनिष्ठता
(iv) पारदर्शिता। **(8 Marks)**

**Q.5)** What are the features of Weberian bureaucracy?
वेबेरियन नौकरशाही की विशेषताएं क्या हैं? **(8 Marks)**

**Q.6)** Explain the relevance of philosophy of sacred Bhagavad-Gita in conquering human desires.
मानवीय इच्छाओं पर विजय प्राप्त करने में पवित्र भगवद–गीता के दर्शन की प्रासंगिकता की व्याख्या करें।
**(8 Marks)**

**Q.7)** What do you mean by persuasion? Examine its role in pacifying a public protest.
अनुनय से आप क्या समझते हैं ? एक सार्वजनिक प्रदर्शन को शांत करने में इसकी भूमिका का परीक्षण कीजिए।
**(8 Marks)**

**Q.8)** Discuss the relevance of Gandhiji's Talisman in resolving ethical dilemma.
नैतिक दुविधा के समाधान में गांधीजी के मन्त्र की प्रासंगिकता पर चर्चा करें। **(8 Marks)**

**Q.9)** What is Emotional Intelligence (EI)? How is it relevant in the life of a civil servant?
भावनात्मक बुद्धिमत्ता क्या है? यह एक सिविल सेवक के जीवन में कैसे प्रासंगिक है? **(8 Marks)**

**Q.10)** You are posted as the sub-divisional magistrate (SDM) in a rural area of Uttar Pradesh. The area lags behind in education and health indicators. The schools in the area suffer from teacher shortage and absenteeism, inadequate infrastructure, and lack of basic amenities like toilets. Dropout ratio among girls is highest in the state for this area. High incidence of anemia and child marriage among girls result in high-morbidity and mortality in young women of the area. Successive government actions have failed to check the practice of child marriage as it is considered a part of local tradition in the area. In the present case study, what are the issues involved and what steps would you take to change the situation?
आप उत्तर प्रदेश के एक ग्रामीण क्षेत्र में अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) के पद पर पदस्थापित हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य संकेतकों में यह क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। स्थानीय स्कूल शिक्षकों की कमी और अनुपस्थिति, अपर्याप्त बुनियादी ढांचे और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी से ग्रसित हैं। इस क्षेत्र में लड़कियों का ड्रॉपआउट अनुपात राज्य में सबसे अधिक है। लड़कियों में एनीमिया और बाल विवाह की उच्च दर के परिणामस्वरूप क्षेत्र की युवा महिलाओं में उच्च रुग्णता और मृत्यु दर होती है। लगातार सरकारी कार्रवाइयां बाल विवाह की प्रथा को रोकने में विफल रही हैं क्योंकि इसे क्षेत्रीय स्थानीय परंपरा का एक हिस्सा माना जाता है। प्रस्तुत केस स्टडी में, कौन से मुद्दे शामिल हैं और स्थिति को बदलने के लिए आप क्या कदम उठाएंगे? **(8 Marks)**

**LONG ANSWER QUESTIONS**
**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

## Section–B / खण्ड–ब

**Q.11)** How is ethics different from morality? Explain whether ethics is universal or changes with time, place and context.
नैतिकता, नीतिशास्त्र से किस प्रकार भिन्न है? व्याख्या करें कि क्या नीतिशास्त्र सार्वभौमिक है या समय, स्थान और संदर्भ के साथ बदलती है। **(12 Marks)**

**Q.12)** What is 'Conflict of Interest'? As a public servant, how would you resolve it?
हितों का टकराव' क्या है? एक लोक सेवक के रूप में, आप इसका समाधान कैसे करेंगे? **(12 Marks)**

**Q.13)** What do you understand by attitude? Analyze the relationship between attitude and behavior.
अभिवृत्ति से आप क्या समझते हैं ? दृष्टिकोण और व्यवहार के बीच संबंध का विश्लेषण करें। **(12 Marks)**

**Q.14)** Gandhiji used some moral values as political weapon during independence movement. Discuss these values and their relevance in social life, politics and international relations.
गांधीजी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कुछ नैतिक मूल्यों को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। सामाजिक जीवन, राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में इन मूल्यों पर विचार करें और उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा करें। **(12 Marks)**

**Q.15)** What do you understand by e-governance? Examine its importance in ensuring good governance.
ई–गवर्नेंस से आप क्या समझते हैं? सुशासन सुनिश्चित करने में इसके महत्व का परीक्षण कीजिए। **(12 Marks)**

**Q.16)** Analyze the relationship between politics and ethics.
राजनीति और नीतिशास्त्र के बीच संबंधों का विश्लेषण करें। **(12 Marks)**

**Q.17)** Suppose you are an officer in-charge of implementing a housing allotment scheme for poor. An old, destitute woman comes to you to avail the benefits of the scheme. However, she has incomplete documents to show that she fulfils the eligibility criteria. But after she meets you and tells you about her condition, you are convinced that she meets criteria of intended beneficiaries as per the spirit of the housing scheme. You are in a dilemma as to what to do. Putting her under the scheme without necessary documents would clearly be violation of rules. But denying her the support would be cruel and inhuman.
a) Can you think of a rational way to resolve this dilemma?
b) Give your reasons for it.

मान लीजिए कि आप गरीबों के लिए आवास आवंटन योजना को लागू करने के प्रभारी अधिकारी हैं। योजना का लाभ लेने के लिए एक बूढ़ी, बेसहारा महिला आपके पास आती है। हालाँकि, उसके पास यह दिखाने के लिए अधूरे दस्तावेज़ हैं कि वह पात्रता मानदंड को पूरा करती है। लेकिन जब वह आपसे मिलती है और आपको अपनी स्थिति के बारे में बताती है, तो आप आश्वस्त होते हैं कि वह आवास योजना के इच्छित लाभार्थियों के मानदंडों को पूरा करती है। आप असमंजस में हैं कि क्या करें। उसे बिना आवश्यक दस्तावेजों के योजना के तहत रखना स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन होगा। लेकिन उसे समर्थन से वंचित करना क्रूर और अमानवीय होगा।
a) क्या आप इस दुविधा को हल करने के लिए तर्कसंगत उपाय के बारे में सोच सकते हैं?
b) इसके लिए अपने कारण दीजिए। **(12 Marks)**

**Q.18)** What do you mean by Code of Conduct? Highlighting the shortcomings of code of conduct, discuss the importance of code of ethics in overcoming these shortcomings.
आचार संहिता से आप क्या समझते हैं? आचार संहिता की कमियों पर प्रकाश डालते हुए, इन कमियों को दूर करने में नैतिक संहिता के महत्व पर चर्चा करें। **(12 Marks)**

**Q.19)** What do you mean by corruption? How does it impact inclusive growth and development of a country?
भ्रष्टाचार से आप क्या समझते हैं ? यह किसी देश के समावेशी संवृद्धि और विकास को कैसे प्रभावित करता है?
**(12 Marks)**

**Q.20)** You are a Circle Officer (CO) of Police, posted in a district of U.P. There was a land dispute between two families, belonging to two different religions. The land dispute ensued into a violent fight that resulted into the death of an individual belonging to one of the families involved in the land dispute. Local police station has already registered an F.I.R. and arrested guilty persons from both the sides. In the meantime, local intelligence unit informs you, that some anti-social elements are planning to take advantage of the tense situation for gaining political mileage and hatching a conspiracy to provoke riots. Fake News are circulating in social media. Some local journalists have published articles with manipulated facts to incite violence. Atmosphere is highly charged because of sensational reporting. As the Circle Officer of the region, what steps will you take in order to maintain/restore the law-and-order situation?

आप उत्तर प्रदेश के एक जिले में तैनात आंचलिक पुलिस अधिकारी (सीओ) हैं। दो अलग–अलग धर्मों के दो परिवारों के बीच जमीन का विवाद चल रहा था। यह भूमि विवाद एक हिंसक लड़ाई में बदल गया, जिसके परिणामस्वरूप भूमि विवाद में शामिल परिवारों में से एक की मृत्यु हो गई। स्थानीय थाना पुलिस ने पहले ही एफआइआर दर्ज कर ली है। और दोनों पक्षों के दोषियों को गिरफ्तार कर लिया। इसी बीच स्थानीय खुफिया इकाई आपको सूचित करती है कि कुछ असामाजिक तत्व तनावपूर्ण स्थिति का राजनीतिक फायदा उठाने और दंगा भड़काने की साजिश रचने की योजना बना रहे हैं। सोशल मीडिया पर फेक न्यूज चल रही है। कुछ स्थानीय पत्रकारों ने हिंसा भड़काने के लिए तथ्यों के साथ छेड़छाड़ करके लेख प्रकाशित किए हैं। सनसनीखेज रिपोर्टिंग के कारण वातावरण अत्यधिक संवेदनशीलहो गया है। क्षेत्र के आंचलिक अधिकारी के रूप में, आप कानून–व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने/बहाल करने के लिए क्या कदम उठाएंगे? **(12 Marks)**